NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-199, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 24 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### मुख्यमंत्री ने यूपी दिवस पर दी बधाई, गृहमंत्री भी पहुंचे

# बीमारू से विकास का ग्रोथ इंजन बना यूपी: योगी

**लखनऊ।** यूपी दिवस पर सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा-उत्तर प्रदेश के मेरे बहनों और भाइयों, आप सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक बधाई। असीम संभावनाओं का हमारा प्रदेश आज संघर्ष और नीतिगत उदासीनता की बेड़ियों को तोड़ते हुए बीमारू से भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बना है। श्रीअयोध्या धाम की आस्था, मथुरा की महिमा और काशी की कल्याणकारी दिव्यता से सुशोभित विरासत और विकास की पुण्यभूमि उत्तर प्रदेश के 77वें स्थापना दिवस की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश का ग्रोथ इंजन 'नया उत्तर प्रदेश' आज 'नए भारत' की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का पथ-प्रदर्शक बन गया है। आइए, हम सब मिलकर निवेश, नवाचार और संस्कार की इस भूमि को आत्मनिर्भरता के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करने का संकल्प लें।

यूपी दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लखनऊ पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। 24 से 26 जनवरी तक राष्ट्र प्रेरणा स्थल में यूपी महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें एक जनपद एक व्यंजन योजना की शुरूआत भी की जाएगी।

समारोह में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाएं और विश्व विख्यात पर्यटन स्थलों को एक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर बौद्ध, जैन, रामायण, महाभारत सहित प्रदेश के सभी 12 पर्यटन सर्किटों से जुड़ी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आमजन के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा। यूपी दिवस पर विभिन्न क्षेत्र में प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले पांच लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनको 11-11 लाख रुपये, अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

# युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है।

पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं। कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।

उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरूआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।



### बर्फबारी में फंसी बारात, दूल्हे ने बारातियों के साथ पैदल तय किया सफर

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में एक बारात के बर्फबारी में फंसने का वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि चारों तरफ भीषण बर्फबारी हो रही है और सड़क पर बर्फ ही बर्फ है। ऐसे में एक दूल्हा अपने बारातियों के साथ सड़क पर उतरकर आगे बढ़ रहा है। बर्फबारी में भी बारातियों का उत्साह कम नहीं हो रहा और वह दूल्हे के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। दूल्हा भी इस मौके पर काफी खुश दिखाई दिया।

# आखिरकार ढेर हुआ जैश का जुबैर

**जम्मू।** गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी जुबैर को ढेर कर दिया है। जवान 20 दिन से जंगल को खंगाल रहे थे। खराब मौसम के बीच सटीक खुफिया जानकारी व रणनीति से सुरक्षाबलों को यह सफलता मिली है।



जैश का खूंखार आतंकी जुबैर एम4 कार्बाइन राइफल से लैस था। इस बात की तस्दीक नजोत में पुलिस को मिले आतंकी ठिकाने से बरामद कारतूस के खोखों से हो गई थी। घात लगाकर हमला करने में माहिर इस आतंकी को बिना अपना नुकसान हुए ढेर करना सबसे बड़ी चुनौती थी। ऐसे में सुरक्षाबल बीस दिनों से लगातार जुबैर की तलाश में जंगलों का चप्पा-चप्पा खंगाल रहे थे। जुबैर उधमपुर और कठुआ जिले के सीमावर्ती इलाके में छिपा हुआ था। सुरक्षाबलों से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलता रहा लेकिन इस बीच मानवीय सूचना तंत्र ने भी बेहतरीन काम किया।



'बाहर के लोगों ने की हिंसा', प्रदर्शन को लेकर ईरान का बड़ा दावा

# थोपा गया तो युद्ध के लिए हम तैयार

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया में अपने युद्धपोत भेजने वाले बयान के बाद अब ईरान ने भी नई चेतावनी जारी की है। ईरान ने कहा है कि अगर जबरन थोपा गया तो ईरान भी युद्ध के लिए तैयार है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के विशेष दूत डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही भारत दौरे पर हैं। डॉ. इलाही ने एक इंटरव्यू में ईरान के मौजूदा हालात, प्रदर्शन में लोगों की मौत और पश्चिमी देशों की धमकी पर खुलकर बात की।

ईरान के मौजूदा हालात पर डॉ. इलाही ने कहा, ईरान में दो स्थिति हैं, जिनमें से एक हकीकत है और दूसरी सिर्फ कल्पना। कुछ पत्रकारों, दुश्मनों और अन्य लोगों ने ऐसी कल्पना बनाई है, जो हकीकत से कोसों दूर है। हमारे देश में आर्थिक समस्याएं हैं और कुछ लोग इससे नाराज भी हैं, लेकिन ये परिस्थितियां अन्य देशों ने हम पर प्रतिबंध लगाकर बनाई हैं। कुछ लोग इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वैसा नहीं है, जैसा दिखाने की कोशिश की जा रही है।

ईरान के विरोध प्रदर्शन में हजारों लोगों के मारे जाने के सवाल पर ईरानी नेता ने कहा, कुछ कथित मानवाधिकार संगठनों ने अमेरिकी सांसदों से इंटरव्यू के बाद ईरान में हजारों लोगों के मारे जाने का दावा किया है, लेकिन ये आंकड़े पूरी तरह से फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनों के दौरान कुछ लोग मारे गए हैं, लेकिन उनकी संख्या साफ नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने आम नागरिकों पर हमला किया, पुलिस पर हमला किया और कई पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। ऐसे लोग हालात का फायदा उठाना चाहते थे। जिसके चलते सख्ती बरती गई। लेकिन जो आंकड़े पेश किए जा रहे हैं, वे अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े संगठनों के हैं और ये सही नहीं हैं। ईरानी नेता ने कहा कि प्रदर्शनकारी बाहरी लोग थे और कुछ ऐसे थे, जो या तो बाहर पढ़े थे या फिर सोशल मीडिया के जरिए उन्हें भड़काया गया। इन्होंने ही बेगुनाह लोगों को मारा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को पूरी तरह से नियंत्रित नहीं किया जा सकता।



## ट्रंप ने कनाडा से वापस लिया 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का निमंत्रण

**वाशिंगटन।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के तीखे हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा फैसला लिया है। ट्रंप ने कार्नी को अपने 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए दिए गए निमंत्रण को वापस ले लिया है। इससे कनाडा और अमेरिका के बीच में टकराव और भी ज्यादा बढ़ गया है। ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस'पर उसके पश्चिमी सहयोगियों को भी संदेह है, क्योंकि इसकी अध्यक्षता ट्रंप ने खुद अपने पास रखी है और वह आजीवन इसके अध्यक्ष बने रह सकते हैं। अमेरिकी सहयोगियों को दूसरी आशंका यह भी है कि ट्रंप का 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था के अस्तित्व को कमजोर कर सकता है।



## पंचधूनी साधना में साधु-संत

प्रयागराज मेला क्षेत्र स्थित रामानंद मार्ग के तपस्वी नगर, पांटून पुल नंबर एक व संगम नोज के पास सहित करीब दस से अधिक शिविरों में शुक्रवार को वसंत पंचमी से बड़ी संख्या में साधु-संतों ने पंचधूनी (पंचाग्नि तपन) साधना आरंभ कर दी। अयोध्या के महामंडलेश्वर संत श्रीराम संतोष दास ने बताया कि पंचधूनी साधना गंगा दशहरा तक चलेगी। शास्त्रों में 32 भगवत अपराधों का उल्लेख है, जिनसे बचना हर साधक और भक्त के लिए आवश्यक है।

यूपीः चुनावी मोड में आई कांग्रेस

## सीतापुर की महारैली में आएंगे राहुल-प्रियंका

**सीतापुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेशभर में होने वाली महारैली की शुरूआत शनिवार को सीतापुर से हो रही है। अलग-अलग मंडलों में होने वाली 30 महारैलियों में कुछ स्थानों पर सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी आमंत्रित किया गया है।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पार्टी इन महारैलियों के जरिए पंचायत और विधानसभा चुनाव के लिए अपनी बात रखेगी। उन्होंने बताया कि सीतापुर के बाद आगरा में रैली होगी। फिर एक फरवरी को लखनऊ और आठ फरवरी को वाराणसी में महारैली की तैयारी चल रही है। इसी तरह 14 फरवरी को अलीगढ़, 16 फरवरी को सहारनपुर, 28 फरवरी को रामपुर, 12 मार्च को लखीमपुर खीरी, 22 मार्च को बदायूं, 29 मार्च को बाराबंकी, 31 मुजफ्फरनगर और पांच अप्रैल को बागपत में महारैली प्रस्तावित करते तैयारी की जा रही है।



## मेदांता में महंत नृत्य गोपाल दास से मिले सीएम योगी...डॉक्टरों से ली स्वास्थ्य रिपोर्ट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचकर अयोध्या के राम जन्मभूमि न्यास एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष, परम पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से महाराज जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके उपचार की प्रगति के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाराज जी के करीबियों एवं ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों से भी संवाद किया। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जानकारी दी।

## जॉर्जिया में भारतीय मूल के पति ने पत्नी समेत चार रिश्तेदारों को उतारा मौत के घाट

**अटलांटा।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में कथित पारिवारिक विवाद के चलते गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। अटलांटा में भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी।

इस गोलीबारी में सुबह (स्थानीय समय) चार लोग मारे गए। घटना के समय घर में तीन बच्चे मौजूद थे। अटलांटा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस गोलीबारी पर गहरा दुःख जताते हुए कहा कि कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतकों के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।




महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर कहा, 'हमें गोलीबारी की घटना पर गहरा दुःख है, जो कथित पारिवारिक विवाद से जुड़ी थी और इसमें मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतकों के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।' संदिग्ध की पहचान अटलांटा के विजय कुमार (51 वर्षीय) के रूप में हुई। ग्विनेट काउंटी पुलिस के मुताबिक, मृतकों में विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43 वर्षीय), गौरव कुमार (33 वर्षीय), निधि चंदर (37 वर्षीय) और हरीश चंदर (38 वर्षीय) शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, संदिग्ध पर चार लोगों की जान लेने, बच्चों के साथ बुरा व्यवहार करने और जानबूझकर मारने जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं।

## पाकिस्तान में शादी के दौरान आत्मघाती हमला, 5 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक शांति समिति सदस्य के आवास पर शादी समारोह के दौरान हुए आत्मघाती हमला हो गया। इस हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और दस घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान जिले के जिला पुलिस अधिकारी, सज्जाद अहमद साहिबजादा ने पुष्टि की कि यह एक आत्मघाती बम हमला था जो कुरैशी मोड़ के पास शांति समिति के प्रमुख नूर आलम मेहसूद के आवास पर शादी समारोह के दौरान हुआ। बताया जा रहा है कि हमले के समय मेहमान नाच रहे थे। विस्फोट से कमरे की छत गिर गई, जिससे बचाव कार्य बाधित हुआ और मलबे के नीचे फंसे लोगों तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
शनिवार, 24 जनवरी, 2026


# 40 दिन ब्रज में मस्ती, उल्लास की धूम, गाड़ा गया होली का डांड़ा

एनएनआई

**मथुरा।** वसंत पंचमी पर मंदिरों में ठाकुरजी का वसंती श्रृंगार किया गया। ठाकुरजी को पोशाक धारण कराई गई। भगवान को गुलाल अर्पित किया गया। मंदिरों और चौराहों पर होली का डांड़ा गाड़ा गया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थित केशवदेव मंदिर को वसंती वस्त्र, पुष्प, बिजली की रोशनी से सजाया गया। वसंती कमरे का स्वरूप प्रदान किया गया। भागवत-भवन स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में भी सजावट की गई।

पोशाक व श्रृंगार धारण कराया गया। सुबह सरस्वतीजी का पूजन कर विग्रहों को गुलाल अर्पित कर ब्रज में होली का आह्वान किया। मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सुबह 10 बजे ठाकुरजी को अबीर गुलाल से होली खिलाई गई। प्राचीन श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में वसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। सेवायत महंत कांतानाथ चतुर्वेदी व संस्कृत भारती के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आचार्य ब्रजेंद्र





नागर ने शुभारंभ किया। प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देवजी महाराज में भगवान को छप्पन भोग लगाए गए। फूल बंगला सजाया गया। ठाकुरजी को रजत सिंहासन पर जगमोहन में विराजमान किया गया।

**दाऊजी मंदिर में फाग महोत्सव**

श्री दाऊजी महाराज मंदिर में वसंत पंचमी से 45 दिवसीय फाग महोत्सव शुरू हो गया। होली का डांढ़ा गाड़ा गया। सुबह से ही दर्शन करने को श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। गुलाल की वर्षा से श्रद्धालु भावविभोर हो गए। समाज गायन हुआ। दाऊजी महाराज के दर्शन कर भक्त धन्य हो गए।

**नंदगांव में शुरू हुई होली की मस्ती**

नंदगांव के नंदभवन में शुक्रवार को होली का डांड़ा गाड़ा गया। ठाकुर जी को गुलाल लगाया गया। वसंत पंचमी का उल्लास पूरे मंदिर में रहा। श्रद्धालुओं ने वसंती वस्त्र धारण किए ठाकुर जी के दर्शन किए। 40 दिन तक यहां होली की मस्ती रहेगी।



# शाहजी मंदिर में ठाकुर राधारमण ने दिए दर्शन

## रंगबिरंगे झाड़-फनूस, कलात्मक दर्पण और फव्वारों के सामने रत्नजड़ित सिंहासन...

एनएनआई

**वृंदावन।** रंगबिरंगे झाड़-फनूस, कलात्मक दर्पण से निकलती प्रकाश की अद्भुत किरणें और कमरे के बीच फव्वारों के सामने रत्नजड़ित सिंहासन पर विराजमान ठाकुर राधारमणलालजू की झलक को अपलक निहारते भक्त कमरे की आभा में डूब गए। मंद-मंद स्वरों में भजनों की धुन पर मन ही मन आनंदित भक्त वसंती कमरे की आभा में डूब गए। वसंत पंचमी पर शुक्रवार को शाहजी मंदिर के अद्भुत वसंती कमरे में विराजमान होकर ठाकुर राधारमणलालजू ने भक्तों को दर्शन दिए। वसंती कमरे सुबह जब मंदिर के पट खुले तो रंगबिरंगी झाड़ फनूस से झांकती रोशनी भक्तों को आल्हादित कर रही थी। मंदिर में प्रवेश करते ही संगमरमर के टेड़े खंभे और मुंडेर पर रोमन व इटैलियन शैली का झलक जब भक्तों को नजर आई तो मंदिर की ओर खिंचे चले आए। वसंती कमरे में लखनवी झाड़-फनूस भक्तों को आकर्षित कर रहे थे, विभिन्न रंगों की झाड़-फनूस, कलात्मक दर्पण, स्वर्ण आभा लिए दीवाल, विशाल गोलाकार छत पर चंदोबा जैसी पच्चीकारी, ऊपर से चारों ओर झांकती विभिन्न मुद्राओं में 12 सखियां कमरे की शोभा बढ़ाती हैं। मंदिर के कलात्मक दर्पण और झाड़-फनूस पर जब विद्युत प्रकाश पड़ा तो वसंती छटा बिखरती नजर आ रही थी। यह कमरा वर्ष में केवल दो बार वसंत पंचमी और रक्षाबंधन पर खोला जाता है।

## पुलिसकर्मी बनकर टप्पेबाजी करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद** एनएनआई। पुलिस ने पुलिसकर्मी बनकर टप्पेबाजी करने वाले एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी शेषपाल उर्फ शीशपाल के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया। उसके एक साथी उदय सिंह को भी मौके से पकड़ा गया है। पुलिस ने उनके पास से 62,900 रुपए नकद, दो अवैध तमंचे और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। यह कार्रवाई एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने की।

## 'शंकराचार्य और साधुओं का अपमान सनातनियों को दुख पहुंचाने वाला'

एनएनआई



**मथुरा।** प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच हुए टकराव के बाद यह मामला गमार्ता जा रहा है। इस घटना को लेकर वृंदावन के धमार्चायों में रोष व्याप्त है। वहीं, ब्राह्मण महासभा एवं धमार्चार्य जगह-जगह बैठक नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और मेला प्रशासन से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने को कह रहे हैं।

कथावाचक देवकीनंदन महाराज ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज, संत एवं बटुकों के साथ जो अभद्रता और उनका अपमान हुआ है। वह असहनीय है। प्रयागराज की धरा पर सनातन का ध्वज ऊंचा होना चाहिए ना कि सनातन का अपमान होना चाहिए। उन्होंने माघ मेला प्रशासन से कहा कि जो घटना घटी है। उसके लिए शंकराचार्य से क्षमा मांगनी चाहिए। प्रशासन ने जो भी गलती की है, वह प्रत्येक सनातनी को दुख पहुंचाने वाली है।

उधर, धमार्चायों ने हरिवंश नगर में बैठक आयोजित कर मेला प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से जिम्मेदार प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कर्मकांड आचार्य बनवारी महाराज ने कहा कि साधु-संतों और बटुकों के साथ जो गलत व्यवहार किया गया है कि वह सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शंकराचार्य को सम्मानपूर्वक संगम में स्नान कराए जाने की मांग भी उठाई। सनातन को बचाने के लिए देशभर रह रहे हिंदुओं से आवाहन किया। बैठक के दौरान अखिलेश शास्त्री, देवेंद्र शास्त्री, मधुरम शास्त्री, दिनेश शास्त्री, गिरधर शास्त्री, गोपाल द्विवेदी, अरुण पाठक, सूरज शर्मा, भरत उपाध्याय, अंकित शर्मा, केशव मिश्र, अनुज शर्मा, ध्रुव गौतम आदि मौजूद रहे।

# हाथरस में ओले गिरे, तापमान 7 डिग्री पहुंचा

## तेज हवाओं से ठंड में इजाफा, फसलों को हो सकता है नुकसान



एनएनआई

**हाथरस।** शनिवार सुबह से ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को हुई बारिश और सादाबाद क्षेत्र में ओलावृष्टि के बाद जिले में सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने आज भी बारिश की संभावना जताई है।

गलन भरी सर्दी से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा ले रहे हैं। इस अचानक बढ़ी ठंड और ओलावृष्टि से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस था, जबकि शनिवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

मौसम का असर यातायात पर भी देखने को मिला। रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या कम रही। हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आने वाली गोमती एक्सप्रेस ढाई घंटे, संबलपुर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे और नेताजी एक्सप्रेस डेढ़ घंटे की देरी से चल रही हैं।

# गेस्ट हाउस में गैंगवार





## रंगबाज राज चौहान की गोली मारकर हत्या शराब पार्टी के दौरान हमला, इलाके में दहशत

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया स्थित एसएन स्टे गेस्ट हाउस में शुक्रवार रात गैंगवार के दौरान कुख्यात रंगबाज राज चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात रात करीब 10:30 बजे की है, जब चौथी मंजिल पर चल रही शराब पार्टी अचानक गोलियों की आवाज से दहल उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आधा दर्जन हथियारबंद युवक गेस्ट हाउस में घुसे और सीधे उस कमरे में पहुंचे जहां राज चौहान अपने साथियों के साथ पार्टी कर रहा था। पहले कमरे में हाथापाई हुई और फायरिंग की गई। जान बचाने के लिए राज बाहर गैलरी की ओर भागा, लेकिन हमलावरों ने दौड़ाकर सीने में गोली मार दी। गिरने के बाद भी बदमाशों ने करीब 10 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। भय के चलते दुकानदारों ने आनन-फानन में शटर गिरा दिए। हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में राज चौहान को पुलिस ने एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से पुलिस को 315 बोर के तीन खोखे, शराब की बोतलें और सिगरेट बरामद हुई हैं। डीसीपी सिटी अली अब्बास ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में 4 से 6 युवक भागते हुए नजर आए हैं। पुलिस ने दो संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। सभी एंगल से पड़ताल जारी है और जल्द खुलासा किया जाएगा।

मूल रूप से हाथरस निवासी राज चौहान ट्रांस यमुना कॉलोनी में किराए पर रहता था। वह पहले भी जानलेवा हमले और अपने दादा की हत्या के मामले में जेल जा चुका था। हाल ही में जेल से छूटने पर उसने जुलूस भी निकाला था। पुलिस हत्या को वर्चस्व की लड़ाई और पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है। घटना के बाद इलाके में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मौके से एक ह्यगोरक्षकह्व लिखी एक्टिवा स्कूटी बरामद हुई है, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। राज के दोस्त अक्सर पार्टी करते थे, लेकिन दोस्ती के नाम पर धब्बा निकले। राज जब तड़प रहा था तव उसे वहीं छोड़कर भाग गए। पुलिस ने ही राज को अस्पताल पहुंचाया।

### अज्ञात हमलावरों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

हिस्ट्रीशीटर राज चौहान की हत्या के मामले में स्वजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर ट्रांसयमुना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मृतक के चाचा नरेश चौहान की तरफ से पुलिस को लिखित में शिकायत देते हुए उसके साथ होटल के अंदर मौजूद दोस्तो की जानकारी जुटाने के बारे में भी जिक्र किया गया है।

## तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत

एनएनआई

**एत्मादपुर।** मुड़ी चौराहे के निकट आज सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो चालक की जान ले ली। इलाका पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम गृह भेजा है।

हादसा एत्मादपुर-खंदौली मार्ग पर मुड़ी चौराहा से मात्र 200 मीटर की दूरी पर उस समय हुआ जब एत्मादपुर की ओर से आते तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए उसके चालक मौसिम पुत्र नत्थी खां निवासी खंदौली को कुचल दिया। लहुलुहान ऑटो चालक की ऊपर से पहिया निकलने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से सड़क पर जाती एक कार भी अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसी। हादसे के बाद आसपास के दुकानदार और राहगीर जमा हो गए।



भीड़ द्वारा वाहनों का आवागमन रोक देने से ट्रैफिक जाम हो गया, जिसे इलाका पुलिस ने आकर खुलवाया। मृतक ऑटो चालक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया गया है। डंपर चालक को पकड़ लिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से निकाल लिया गया है।

## ताजमहल घूमने आए पर्यटक की कार का लॉक तोड़कर चोरी

**आगरा** एनएनआई। थाना ताजगंज क्षेत्र में पर्यटक की कार का लॉक तोड़कर बैग चुरा लिया गया। मिजार्पुर जिले के खानपुर गांव निवासी वैभव सिंह ने इसकी ऑनलाइन शिकायत की। वैभव सिंह ने दर्ज शिकायत में बताया कि वह 29 नवंबर 2025 को अपने परिवार के साथ निजी कार से आगरा घूमने आए थे। नवंबर महीने में हुई इस घटना की ऑनलाइन शिकायत के बाद पुलिस ने अब प्राथमिकी दर्ज की है। पत्नी, मां और सात माह का एक बच्चा था। आगरा पहुंचने पर उन्होंने होटल तारा पैलेस में ठहराव किया और कार होटल के पास पार्किंग में खड़ी कर दी। 30 नवंबर की सुबह नाश्ता करने के बाद करीब 10 बजे वो होटल से निकलकर ताजमहल देखने चले गए। दोपहर लगभग 12 बजे वापस लौटने पर जब परिवार कार में बैठकर वापस जाने लगा, तभी उन्हें कार का लॉक टूटा हुआ दिखा। जांच करने पर पता चला कि कार से एक बैग चोरी हो चुका है। ताजगंज थाना प्रभारी का कहना है कि ऑनलाइन मिली शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


## झूठी निकली नशीला पदार्थ सुंघाकर 45 हजार रुपए लूटने की कहानी

एनएनआई

**एत्मादपुर।** बाइक सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा नशीला पदार्थ सुंघाकर 45 हजार रुपए लूट लिए जाने की वारदात झूठी निकली। पुलिस की जांच पड़ताल में मामला वारदात के बजाए ग्रामीण युवकों के दो पक्षों में आपसी विवाद का निकला तो उसने राहत की सांस ली।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार डायल 112 हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से एत्मादपुर-गारापुर मार्ग पर एक युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर 45,000 रुपए जेब से निकालकर ले जाने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। इस पर पीआरबी के अलावा थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह को तत्काल अवगत कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ दौड़ लगाकर मौके पर पहुंचे। यहां यादव नगर निवासी पंकज यादव पुत्र नेमीचंद के भाई योगेश ने बताया कि मैंने अपने भाई द्वारा गांव आते समय रास्ते में नशीला पदार्थ सुंघाकर जेब में रखे 45,000 रुपए निकाल लिए जाने की जानकारी देने पर 112 पर वारदात होने की सूचना दी थी। भाई ने कहा था कि मेरे पास बाइक पर तीन लड़के आए थे। दो ने मुंह पर ढाटा बांध रखा था। पास आकर रुकने पर वह डर गया और पुलिस बुलाने को उसने मुझे सूचना दे दी थी। पुलिस के पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरे साथ कोई घटना नहीं हुई है। नहीं मैं किसी बैंक से रुपए निकालकर लाया। पुलिस ने इसकी तहकीकात बैंक शाखा तक की तो मामला पूरी तरह फर्जी निकला।

> गांव के लड़कों में आपसी विवाद का मामला था। नशीला पदार्थ सुंघाकर जेब से पैसे निकालने की घटना जांच पड़ताल में असत्य पाई गई है।
>
> **आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना एत्मादपुर।**

## रोजर शू फैक्ट्री में 7.7 करोड़ की चोरी का खुलासा, सुपरवाइजर सहित तीन अरेस्ट

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र में रोजर शू इंडस्ट्री से चोरी हुए कैश, सोना, चांदी, हीरे चोरों से बरामद करके पुलिस ने चोरी का खुलासा कर दिया है। इसकी अनुमानित कीमत सात करोड़ 70 लाख रुपये है। फैक्ट्री के ही सुपरवाइजर ने अपने भाई और दोस्त के साथ चोरी की थी। वह अपनी गर्लफ्रेंड का सपना पूरा करने के लिए उसके साथ बेंगलुरु में रहना चाहता था। इसलिए, उसने यह चोरी की। खुलासा करने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने बधाई दी है। 25 हजार का इनाम भी दिया शू इंडस्ट्री के मालिक दीपक बुद्धिराजा ने मुकदमा दर्ज कराया था घर में मरम्मत का कार्य चल रहा था। इसलिए उन्होंने आभूषण और कैश फैक्ट्री में रखा था। रविवार की रात फैक्ट्री की पहली मंजिल पर चोरी हुई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने तिजोरी से लाखों का कैश और



करोड़ों के जेवरात चुरा लिए। फैक्ट्री के सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध कैद हुआ। पुलिस ने शक के आधार पर फैक्ट्री के सुपरवाइजर अनुपम, उसके भाई अनुराग और दोस्त संजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की सख्त पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर जमीन में दबाकर रखा गया माल बरामद कर लिया गया। बरामदगी में 66 लाख कैश के अलावा करीब सात करोड़ के सोना, चांदी,, हीरे, शामिल हैं। पूछताछ में अनुपम ने बताया कि उसने मलिक को फैक्ट्री के अंदर पैसे और जेवरात रखते हुए देख लिया था। रविवार को फैक्ट्री की छुट्टी रहती है। उसने अपने भाई और दोस्त के साथ मिलकर चोरी की साजिश कर चोरी की। उसकी गर्लफ्रेंड बेंगलुरु में शिफ्ट होना चाहती थी। इसलिए वह उसका सपना पूरा करना चाहता था। वह दोनों मिलकर बेंगलुरु में ऐश की जिंदगी जीना चाहते थे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि डीसीपी सिटी अली अब्बास, एडिशनल डीसीपी सिटी आदित्य कुमार, एएसपी हरीपर्वत अक्षय महादिक ने खुलासा करने वाली टीमों का मार्गदर्शन किया। इस खुलासे में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार त्रिपाठी की अहम भूमिका रही। खुलासा करने वाली टीम में सर्विलांस प्रभारी सौरभ सिंह, अभिषेक तिवारी, एसओजी प्रभारी सोहन पाल सिंह, एसआई आशीष त्यागी, नीलेश शर्मा, दीपक तिवारी, अभिषेक डांगर, सोनू गुर्जर, आकाश सिंह, सुधांशु बाजपेई, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, महिपाल सिंह, शरद यादव, रुस्तम सागर, प्रिंस कौशिक आदि शामिल रहे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 24 जनवरी, 2026


## आपात स्थिति से निपटने को हुई मॉक ड्रिल

- आपातकालीन स्थिति में तत्परता, विषम स्थिति से निपटने एवं सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया

एनएनआई



**आगरा।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन में सिविल डिफेंस, पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से हवाई हमले से बचाव के लिए मॉक ड्रिल एवं ब्लैकआउट अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी एवं अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान ने बताया कि यह अभ्यास नागरिकों, पुलिसकर्मियों, सिविल डिफेंस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, विभागों की आपातकालीन स्थिति में तत्परता, विषम स्थिति से निपटने एवं सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हवाई हमले जैसी आपदाओं से निपटने के लिए निरंतर प्रशिक्षण एवं ड्रिल आवश्यक है, आपातकालीन समय में रेस्क्यू, कम समय में तैयारी, आपातकाल की परिस्थितियों से निपटने हेतु मानसिक रूप से तैयारी रहना,यह सुरक्षा तैयारियों, जन जागरूकता, आपात स्थिति का सामना करने आदि की तैयारी का अभ्यास है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जरूरत पड़ने पर ब्लैकआउट नियमों का पालन करें तथा आपातकाल में प्रशासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें तथा इसके लिए अन्य को भी प्रेरित करें।। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान सिविल डिफेंस की टीम ने हवाई सायरन बजाकर सिमुलेटेड हवाई हमला घोषित किया। इसके पश्चात ब्लैकआउट प्रक्रिया आरंभ हुई, जिसमें सभी लाइटें बंद कर दी गईं तथा प्रतिभागियों को अंधेरे में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस बल ने परिधि सुरक्षा सुनिश्चित की, जबकि जिला प्रशासन की आपदा प्रबंधन टीम ने बचाव कार्य, स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्राथमिक उपचार एवं निकासी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मी, सिविल डिफेंस, स्वास्थ्य विभाग,स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिकों ने इसमें भाग लिया। इस अभ्यास से सभी प्रतिभागियों को हवाई हमले की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता में वृद्धि हुई है।

## एमएलसी विजय शिवहरे ने सुभाष पार्क में बोट संचालन का किया शुभारंभ



**आगरा (एनएनआई)।** एमएलसी विजय शिवहरे तथा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एमजी रोड स्थित सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर व फीता काटकर, बोट संचालन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एमएलसी विजय शिवहरे ने मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अन्तर्गत सुभाष पार्क में हुए लैण्डस्केप, डिजाईनिंग, तथा सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण इत्यादि कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लिए प्रकृति के साथ जुड़ना चाहते हैं, उनके लिए यह सुभाष पार्क निश्चित रूप से वरदान साबित होगा, उन्होंने कहा कि इस पार्क में हरा भरा वतावरण, सुन्दर वाटिकायें, शाम को टहलने के लिए सुन्दर स्थान, पाथवे बना है तथा एडीए द्वारा मनमोहक विभिन्न कृतियों के माध्यम से पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आगरा वासी अपने दैनिक जीवन से कुछ समय निकालकर अपने स्वास्थ्य के लिए इस पार्क का उपयोग करेंगे। गौरतलब है कि सुभाष पार्क जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में था, जिसको सुदृढ़ीकरण कर आकर्षक बनाया जाना एमएलसी ने बताया कि सुभाष पार्क के साथ साथ सुभाष कालोनी का भी जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है।सुभाष पार्क में बोटिंग संचालन का सुभारम्भ किया गया है, जिससे पार्क में आने वाले पर्यटकों व आगरावासियों को ये जरूर आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि आज सभी लोग स्वयं को स्वस्थ रखने के आवश्यक था। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से सुभाष पार्क के सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्गीकरण तथा लैण्डस्केपिंग कार्य कराया गया है, कुल लागत रू0 847.77 लाख से रू0 420.84 लाख की लागत से सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्गीकरण कार्य, लागत रू0 426.93 लाख से लैण्डस्केप डिजाईनिंग का कार्य कराया गया है।

## ललित कला संस्थान में बसंत पंचमी महोत्सव का भव्य आयोजन

एनएनआई

- शास्त्रीय संगीत से सजी सांस्कृतिक संध्या



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान द्वारा भारतीय संगीतालय एवं भारतीय संगीत शिक्षालय के सहयोग से बसंत पंचमी महोत्सव का भव्य आयोजन प्रो.आशु रानी के निर्देशन में प्रो. संजय चौधरी द्वारा संस्कृति भवन के प्रेक्षागृह में श्रद्धा एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन माँ सरस्वती की आराधना एवं भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा के उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रातः माँ सरस्वती पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में विदुषी कवयित्री डॉ. शुभदा पाण्डेय ने अपने भावपूर्ण काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ललित कला संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं नाद ब्रह्म की विशिष्ट रचना प्रस्तुत की गई, वहीं भारतीय संगीतालय की ओर से राग बसंत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। इन प्रस्तुतियों में तबले पर प्रशांत आदक एवं डॉ. हरिओम माहोर ने सशक्त संगति प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलाकार, प्रख्यात संतूर वादक उस्ताद अनवर हुसैन ने राग किरवानी एवं अन्य शास्त्रीय रचनाओं की उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति में तबले पर डॉ. भानु प्रताप सिंह की अत्यंत कुशल संगति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर ललित कला संस्थान के आचार्यगण सहित आगरा के अनेक संगीत गुणीजन और छात्र प्रमुख रूप से शामिल थे।

## मनोरम ग्रुप ने खोला नया चेतक शोरूम

**आगरा (एनएनआई)।** बजाज ऑटो लिमिटेड के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड चेतक के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मनोरम ग्रुप ने बोदला-शाहगंज रोड पर अपने नए चेतक शोरूम का उद्घाटन किया। इसी अवसर पर नई




राइड, नया अंदाज के साथ बजाज का बिल्कुल नया चेतक उ25 इलेक्ट्रिक स्कूटर भी लॉन्च किया गया। चेतक की सिग्नेचर मेटल बॉडी के साथ एक स्टाइलिश और दमदार इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसमें दी गई 2.5 'हँ की शक्तिशाली बैटरी एक बार चार्ज करने पर 113 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करती है, जो इसे दैनिक शहरी आवागमन के लिए बेहद उपयुक्त बनाती है। नए शोरूम का उद्घाटन एवं चेतक 25 का अनावरण चमड़ा एवं फुटवियर उद्योग परिषद अध्यक्ष पूरन डावर, डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विदिशा सिंह, आरटीओ (ई) अखिलेश द्विवेदी, सर्कल हेड झ्र चेतक नॉर्थ एंड ईस्ट मनप्रीत बिंद्रा, मनोरम ग्रुप के एमडी राम मोहन कपूर, डायरेक्टर गौरव कपूर एवं अनुराग जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विदिशा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन नीति का उद्देश्य स्वच्छ, सुरक्षित और सतत परिवहन को बढ़ावा देना है। चेतक 25 जैसे भरोसेमंद इलेक्ट्रिक वाहन शहरी परिवहन के साथ-साथ भविष्य की स्मार्ट मोबिलिटी को मजबूती प्रदान करते हैं।

## राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 28 को

**आगरा (एनएनआई)।** शहीदों को नमन एवं वंदन करते हुए साहित्य निधि एवं ओपन कला मंच द्वारा 28 जनवरी को आयोजित होने जा रहे गणतंत्र दिवस के रंग कवियों



के संग राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का उद्घोषणा एवं आमंत्रण पत्र का विमोचन समारोह संजय प्लेस स्थित शू मार्केट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक कवि हीरेंद्र हृदय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कवि सम्मेलन खंदारी कैंपस स्थित जेपी सभागार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की भावना को समर्पित यह आयोजन देशभक्ति, वीर रस और राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत होगा। साहित्य निधि संस्था के कवि मोहित सक्सेना ने बताया कि सम्मेलन की मुख्य वक्ता प्रो आशु रानी, कुलपति डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय होंगी। आमंत्रण पत्र विमोचन अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, कवि अजय गुप्ता , मनोज गुप्ता बाबा, अनूप गुप्ता पुजारी, उमेश गुप्ता, सतीश चंद्र बंसल, प्रवीण भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## गणपति मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**आगरा (एनएनआई)।** बसंत पंचमी के पावन और पुण्य अवसर पर श्री वरद बल्लभा महा गणपति मंदिर में भगवान गणेश की आराधना के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, प्रातः काल से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचकर भगवान श्री गणेश के अलौकिक एवं दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे। इस शुभ दिन भगवान श्री गणेश को पीतांबरे (बसंती) श्रृंगार से सजाया गया, जो अत्यंत मनोहारी एवं अद्भुत रहा, पीले पुष्पों



का भव्य फूल बंगला सजा, बसंती वस्त्रों एवं स्वर्णाभ आभूषणों से सुसज्जित भगवान श्री गणेश के दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो उठे, पूरे मंदिर प्रांगण में बसंत ऋतु की दिव्यता, भक्ति और उल्लास का अनुपम वातावरण देखने को मिला। बसंत पंचमी के अवसर पर भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना मंदिर के आचार्य पंडित लखन दीक्षित एवं पंडित नीरज पाराशर द्वारा संपन्न कराई गई, मंत्रोच्चार और वैदिक विधियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समाजसेवी श्याम भोजवानी ने बताया हर शुभ कार्य से पूर्व यदि भक्त मंदिर परिसर की परिक्रमा कर भगवान गणेश के दर्शन करते हैं, तो उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी जैसे पावन पर्व पर गणपति आराधना का विशेष महत्व है। सायंकाल में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, कुल मिलाकर बसंत पंचमी का यह पर्व श्री वरद बल्लभा महा गणपति मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।

# अग्रवाल युवा संगठन करेगा लाला लाजपत राय जयंती पर वृहद रक्तदान शिविर

एनएनआई



**आगरा।** अग्रवाल युवा संगठन द्वारा अग्ररत्न, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रभक्त नेता लाला लाजपत राय की जयंती के पावन अवसर पर एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानव जीवन को बचाने का संकल्प है, जो समाज सेवा और मानव कल्याण की भावना से प्रेरित है। आज के दौर में रक्त की कमी एक गंभीर और चिंताजनक समस्या बन चुकी है। अनेक बार समय पर रक्त उपलब्ध न होने के कारण मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है। संगठन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति को भी नया जीवन मिल सकता है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। संगठन के महामंत्री अंकित अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में अनुभवी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रक्तदान कराया जाएगा। मीडिया प्रभारी सोनू अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल युवा संगठन निरंतर सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है।

इस मौके पर सुरेश चंद्र गर्ग तपन ग्रुप, नितेश अग्रवाल, रिंकेश अग्रवाल, अखिल मोहन मित्तल, राकेश अग्रवाल, महामंत्री अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, जितेंद्र अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सोनू अग्रवाल, विभु सिंघल राम अग्रवाल, शशांक बंसल,मोहित अग्रवाल, मयंक गर्ग, शिवम गर्ग,रवि अग्रवाल, सौरव जैन ,शिवम अग्रवाल , ऋषभ अग्रवाल ,राजू गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

# हिन्दू समाज के जागरण को विजय नगर में गूंजा पंच परिवर्तन का संदेश



- धर्म, संस्कृति और राष्ट्र चेतना के लिए विजय नगर में निकाली आमंत्रण यात्रा

एनएनआई

**आगरा।** पंच परिवर्तन के माध्यम से हिन्दू समाज को जाग्रत करने के उद्देश्य से विजय नगर क्षेत्र में आयोजित होने जा रहे विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र में भव्य आमंत्रण यात्रा निकाली गई। विजय नगर हिन्दू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में यह यात्रा विजय नगर स्थित देवी जी मंदिर से प्रारंभ हुई। अध्यक्ष छोटेलाल बंसल ने बताया कि आमंत्रण यात्रा के दौरान जयघोष, धर्मध्वज और बैनरों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को विराट हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। यात्रा विजय नगर की प्रमुख सड़कों और गलियों से गुजरते हुए पुनः देवी जी मंदिर पर पहुंच कर समाप्त हुई। आयोजन सचिव अलोक आर्य ने बताया कि पंच परिवर्तन के माध्यम से 25 जनवरी को न्यू विजय नगर कॉलोनी के चौराहा पर विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन में ब्रह्मकुमारी राज बहन, वृन्दावन से रसराज दास महाराज, बिहाराधीश से भंते धम्म बोधि थैरो, गुरुद्वारा गुरु का ताल से संत प्रीतम सिंह तथा क्षेत्रीय कार्यवाहक प्रमोद शर्मा प्रमुख वक्ता के रूप में विचारक धर्म, संस्कृति, राष्ट्र और समाज से जुड़े गंभीर विषयों पर अपने विचार रखेंगे। आमंत्रण यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी रही। इस अवसर पर पार्षद ऋषभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय तोषनीवाल, उपमा गुप्ता, नितिन गोयल, नितिन गुप्ता, संजीव चतुर्वेदी, रामेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, ऋषभ ठाकुर, गौतम चतुर्वेदी, रवि जैन, संजय चौहान, निशा गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, नरेश चुग, सत्यवती गुप्ता, ललितेश गुप्ता, मनोज शर्मा, समीर चतुर्वेदी, दीपक शर्मा, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# धर्म, संस्कृति और समरसता का संदेश देगा ताजगंज का विराट हिंदू सम्मेलन

- ताजगंज में 26 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन, पोस्टर का हुआ विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** सामाजिक एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ताजगंज क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को सकल हिन्दू समाज की ओर से सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन ताज पश्चिम गेट स्थित होटल सिद्धार्थ में किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सूरज प्रकाश दत्त और समिति अध्यक्ष जानकी नाथ कपूर ने बताया कि 26 जनवरी को होने जा रहे सम्मेलन से पूर्व ताजगंज क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सम्मेलन में संत-महंत, धमार्चार्य, प्रबुद्धजन और युवाओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सह संयोजक भारत गौड़ ने बताया कि विराट हिन्दू सम्मलेन ताजगंज के कसरेट बाजार में दखनाई गेट में हिन्दुओ को सकारात्मक दिशा देने और आपसी एकता को मजबूत करने का कार्य करेगा। मीडिया प्रभारी राजू गोयल ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता संघ के ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र और मुख्य अतिथि महंत योगेश पुरी उद्बोधन देंगे। इसके साथ ही हिंदू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने पर भी विशेष चर्चा होगी। इस अवसर पर मदन वर्मा, रितु अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, आनंद पोरवाल सिद्धार्थ अरोड़ा, योगेश वर्मा, शिवसिंह, केशव वशिष्ट राजू कोहली, राजेंद्र अग्रवाल, केशव आदि मौजूद रहे।

# धर्मध्वज और नारों के साथ निकाली वाहन रैली

- कमला नगर की सड़कों पर दिखी सनातन एकता

एनएनआई



**आगरा।** कमला नगर विराट हिंदू सम्मेलन समिति की ओर से कमला नगर में होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से प्रचार-प्रसार एवं जनजागरण के उद्देश्य से क्षेत्र में वाहन रैली निकाली गई। रैली के दौरान जयघोष, धर्मध्वज और बैनरों के माध्यम से विराट हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वान किया गया।

आयोजन सचिव मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि यह वाहन रैली समाज को संगठित करने और सम्मेलन के उद्देश्यों से जनमानस को जोड़ने का माध्यम है। 25 जनवरी को सत्यम पार्क में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर पुरुषों से अधिक महिलाओं में अधिक उत्साह देखने को मिला। वाहन रैली सेंट्रल बैंक रोड, कमला नगर मैन मार्केट सिधु भवन, कमला नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सरस्वती शिशु मंदिर पर पहुँची।

महिला संयोजिका सीमा अग्रवाल ने बताया कि रैली में बड़ी संख्या में सनातन समाज के लोगों ने सहभागिता की और एकता व समरसता का संदेश दिया। हिंदू समाज को एकजुट करने को सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कथा मर्मज्ञ मृदुलकांत शास्त्री, मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश कुमार और विशिष्ट अतिथि साध्वी बृजकिशोरी धर्म, संस्कृति, राष्ट्र और समाज से जुड़े गंभीर विषयों पर बौद्धिक उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर तरुण सिंह, मनोज यादव, शिवेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र दिवाकर, नारायण चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र तिवारी, विश्वेन्द्र चौहान, नन्दी महाजन, सुरेश शाक्य, जितेंद्र तिवारी, समीर सक्सेना, श्रुति, सुमन, प्रेरणा, दीपमाला, साधना, दिव्या, मोनिका, श्वेता, दीक्षा आदि मौजूद रही।

# दिव्य राममय महोत्सव में 2100 दीपों से हुई महाआरती

- राष्ट्रीय अग्रसेना ट्रस्ट ने किया सुंदरकाण्ड और रामलला का फूलों से महाभिषेक

एनएनआई



**आगरा।** राष्ट्रीय अग्रसेना ट्रस्ट की ओर से रामलला के मंदिर में तृतीय प्राण प्रतिष्ठा वर्ष पर हलवाई की बगीची स्थित साई बाबा मंदिर में निमाणाधीन अग्रसेना भवन पर राममय महोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। शुभारंभ संरक्षक मुरारी प्रसाद अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, पवन चंद विधि चंद और कामता प्रसाद अग्रवाल ने दीप प्रवज्जलित कर किया। अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि राममय महोत्सव में राम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा स्व. अशोक सिंघल और वीर बलिदानियों कि शौर्य को नमन किया। अंतराष्ट्रीय कथावाचक अरविन्द जी महाराज और पं. मुकेश शर्मा के संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ, प्रभु रामलला का फूलों से महाभिषेक किया गया। मुख्य संरक्षक सुरेश चंद गर्ग ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन और सीता जी के स्वरूपो और झांकियों के माध्यम से लघु रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। महोत्सव में रामभक्तो द्वारा 2100 दीपकों से दिव्य महाआरती मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा जल्द ही एक सामाजिक भवन की सौगात मिलने जा रही है। कार्यक्रम अग्रसेना भवन में निमार्णाधीन भवन के अवलोकन से प्रेरित होकर राजकुमार गर्ग ट्रस्टी के रूप में और संजीव गोयल संरक्षक के रूप में और रिनेश मित्तल और पवन मित्तल सदस्य के रूप में सहमति प्रदान की। इस दौरान पूरा परिसर जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। भक्तो ने महाआरती के पश्चात प्रसादी का भोग किया।

महोत्सव की व्यवस्था महामंत्री अंबुज अग्रवाल, सचिव राम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष तनुज अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय सिंघल, अनुज अग्रवाल, भूपेन्द्र अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल ने संभाली। इस अवसर पर हेमलता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, एकता जैन, विनीता गोयल, कीर्ति, पायल, भावना, रितु आदि मौजूद रहे।

# आया बसंत, भाया बसंत, मन दर्पण में छाया बसंत

## हर्षोल्लास से मनाया गया मां सरस्वती का जन्मोत्सव

एनएनआई



**आगरा।** श्यामलाल सरस्वती विद्या मंदिर, यमुना ब्रिज (घाट), वसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ सरस्वती का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर माँ सरस्वती की भव्य शोभायात्रा एत्माद्दौला बगीची शिव मंदिर तक निकाली गई, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। विद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया तथा छोटे शिशुओं के नवीन प्रवेश पट्टी पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष आरपी गोयल ने श्रद्धा भाव से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर सतीश चाहर, राजेश तोमर, श्याम सिंह चाहर, कमलेश यादव एवं राजू कुशवाह की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य उत्तम सिंह ने मां सरस्वती के जन्म दिवस एवं पट्टी पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा वीर हकीकत राय द्वारा धर्म रक्षा हेतु दिए गए बलिदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी।



## साई किडीज स्कूल

**आगरा** एनएनआई। कालिंदी विहार स्थित साई किडीज स्कूल के बच्चों ने बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। शुभारंभ स्कूल संचालिका प्रज्ञा पटेल द्वारा माँ सरस्वती का पूजन व सरस्वती वंदना करके किया गया। स्कूल के सभी बच्चे पीले रंग के परिधान पहन कर आये। कई रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका राधा और रजनी ने किया। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रबंधक योगेश कुमार द्वारा किया गया।



## श्री कृष्ण गौशाला

**आगरा** एनएनआई। साकेत कॉलोनी में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में श्री शान्तिनाथ महिला मण्डल सेक्टर 7 श्री कृष्ण गौशाला शाहगंज में महिला मण्डल ने गाय को हरा चारा, सब्जी भी खिलायी गई। श्री शान्तिनाथ महिला मण्डलों ने गौ सेवा के लिए जीवन समर्पित किया और एक खास पहचान हासिल की हैं। इस मौके पर अध्यक्ष अर्चना जैन, मंत्री हेमलता जैन,मीनू जैन, सरिता जैन, मीना जैन, आशा जैन, सीमा जैन, अनीता जैन, रमा जैन, कुसुम जैन, सुचित्रा जैन, सीमा जैन,मंजु जैन आदि थे।

## ज्ञान, बुद्धि और कला को समर्पित है बसंत पंचमी

**आगरा** एनएनआई। बसंत पंचमी भारत का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। दयालबाग की



आलिया जोटवानी ने बताया कि यह दिन ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी माँ सरस्वती को समर्पित होता है। विद्यालयों में सरस्वती वंदना का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लोग पीले वस्त्र पहनते हैं और पीले रंग के व्यंजन बनाते हैं। यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक सोच का संदेश देता है,हम सभी को अपने सारे त्यौहार परिवार साथ मनाने चाहिए,जिससे हमारी संस्कृति व संस्कार बरकार रहेंगे।

## खिचड़ी व लेखन सामग्री वितरण कर मनाया बसंत

एनएनआई

**आगरा।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आज खतैना रोड,प्रताप नगर पर नव स्थापित "गर्भ संस्कार एवं मेटरनिटी होम" पर खिचड़ी वितरण किया गया ।तथा बच्चों को लेखन सामग्री कापी व पैन बांटी गई। एमएलसी विजय शिवहरे ने भी सहभागिता निभाई। उन्होंने विश्व में प्रथम बार स्थापित किए जा रहे गर्भ संस्कार एवं मेटरनिटी होम प्रकल्प के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर इसकी अवधारणा, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

विजय शिवहरे जी ने इस अभिनव, दूरदर्शी एवं समाजोपयोगी प्रकल्प की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करेगी। शिवहरे व्यक्तिगत रूप से इस प्रकल्प के ट्रस्टी भी हैं। उन्होंने विधायक निधि से आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देकर संस्थान के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया। संस्थान परिवार से अध्यक्ष अशोक कुमार एडवोकेट, मनोज अग्रवाल, रमेश



अग्रवाल राकेश गर्ग, सचिन गोयल, राजीव जैन, अमित पटेल, संतोष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल , गरिमा अग्रवाल, रिचा मित्तल, सुमन सुराणा मौजूद रही।

## बसंत पंचमी पर गृह विज्ञान छात्रावास में हुआ हवन यज्ञ



एनएनआई

**आगरा।** गृह विज्ञान छात्रावास, खंदारी में बसंत पंचमी पर विधिवत हवन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कुलपति प्रो आशु रानी के निर्देशन में छात्रावास की वार्डन प्रो अर्चना सिंह और सुशीला सहित आयोजित किया गया। हवन में छात्रावास की सभी छात्राएँ और कर्मचारियों ने श्रद्धा भाव से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियाँ अर्पित कीं तथा ज्ञान, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वार्डन प्रोफेसर अर्चना सिंह ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या और संस्कारों का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बसंत पंचमी पर खाटू नरेश ने दिए पीले फूलों में भक्तों को दर्शन



**आगरा** एनएनआई। ताजगंज के कटरा जोगीदास स्थित श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर ट्रस्ट की ओर से बंसत पंचमी के अवसर पर भव्य फूल बंगला लाइटिंग से मंदिर को सजाया गया पीले फूलों से मंदिर की भव्य सजावट की गई। अध्यक्ष राजू गोयल ने बताया की मंदिर में पीताम्बरी (पीले) वस्त्रों और फूलों से बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार किया गया है। जिसकी झलक पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर सचिव मयंक अग्रवाल , कृष्ण मुरारी अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अनूप अग्रवाल, प्रदीप राठौर, रुचिका गोयल, नम्रता अग्रवाल, बंटी ठाकुर,आदि मौजूद रहे।

## विद्या मंदिर में की गई मां सरस्वती की पूजा

**आगरा** एनएनआई। सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधनज्ञानमय के साथ साथ भक्तिमय कर दिया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्रबंध की गई। समिति के अध्यक्ष राकेश मंगल ने छात्रों को विद्यार्थी जीवन को मर्यादा और निष्ठा के साथ पालन करने का संदेश दिया। प्रबंधक अमित अग्रवाल ने नेताजी सुभाष चंद बोस के संस्मरणों को साझा करते हुए सभी को मंगलाशीष प्रदान किया। प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी ने छात्रों को विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। संचालन एवं आयोजन आचार्य नारायण चतुर्वेदी द्वारा किया गया। संयोजक कपिल लवानिया रहे ।अंत में उप प्रधानाचार्य अरविंद मिश्रा जी ने उत्सव के सफल आयोजन की बधाई दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवाकांत लवानिया, ज्ञानेंद्र तिवारी, विनय त्रिपाठी, भूपेंद्र राघव ,प्रवीन शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा ,अंशु शर्मा, अतुल सक्सेना, ललित गौतम अंशुल अग्रवाल आदि का प्रमुख योगदान रहा।



# बस-डंपर की भीषण भिड़ंत में एक की मौत

एनएनआई



**मलपुरा।** जगनेर मार्ग पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई, जबकि बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बस सवार करीब चार दर्जन यात्री बाल-बाल बच गए। हादसा रात करीब 11 बजे ग्राम गामरी के समीप हुआ, जब जयपुर से आ रही एक इलेक्ट्रिक बस और मलपुरा से अकोला की तरफ जा रहे डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस का अगला हिस्सा भी बुरी तरह चकनाचूर हो गया।

मृतक की पहचान दीवान सिंह (36 वर्ष) पुत्र शिव नारायण सिंह, निवासी मिर्जापुर निमेना, खेरागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घायल बस चालक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसे की सूचना मिलते ही मलपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटाया और यातायात को सुचारू किया।

# डायट ने शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता और निवेशक को लेकर किया जागरूक

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** एवोक इंडिया द्वारा बीएसई इन्वेस्टर्स प्रोटेक्शन फंड के सहयोग से डायट फिरोजाबाद, कपावली में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को वित्तीय विषयों की व्यावहारिक समझ प्रदान करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार निवेश के प्रति जागरूक करना था।

मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक के रूप में अमित सक्सेना, सेबी पंजीकृत स्मार्ट (सिक्योरिटीज मार्केट) ट्रेनर उपस्थित रहे। उन्होंने सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से वित्तीय योजना, निवेश के विभिन्न विकल्पों, जोखिम एवं रिटर्न की समझ तथा पूंजी बाजार से जुड़ी बुनियादी जानकारियाँ साझा कीं। साथ ही डिजिटल माध्यमों से निवेश करते समय सतर्कता बरतने और धोखाधड़ी से बचाव पर विशेष जोर दिया। सत्र के दौरान शिक्षकों को सुरक्षित निवेश की प्रक्रिया, निवेश से जुड़ी सामान्य गलतियाँ, निवेशकों के अधिकार तथा संरक्षण व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संवादात्मक शैली में आयोजित इस सत्र में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय को और स्पष्ट किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को न केवल व्यक्तिगत रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि वे आगे चलकर विद्यार्थियों और समाज में भी वित्तीय जागरूकता फैलाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## पत्नी के नहीं आने पर राजमिस्त्री ने दी जान

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। ग्राम सामरा में पत्नी के ससुराल से नहीं आने पर राजमिस्त्री युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार 25 वर्षीय दीपक पुत्र चंद्रभान का विवाह 5 वर्ष पूर्व दूरा की सीमा के साथ हुआ था ,उसके दो बच्चे भी हैं, विगत दिनों वह अपने मायके गई थी। 22 जनवरी को दीपक अपनी पत्नी को लेने अपनी ससुराल गया था पत्नी उसके साथ नहीं आई इसी बात से आहत होकर उसने सरसों के खेत में एक पेड़ से गले में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली । बृहस्पतिवार सुबह खेतों पर गए ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बुलडोजर के साथ भाकियू ने निकाली तिरंगा यात्रा

एनएनआई



**बाह।** भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) ने शुक्रवार को जरार से बाह तक 3 किमी की तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकाली। जिसमें शामिल बुल्डोजर आकर्षण का केन्द्र बने रहे। शहीद इंद्रजीत सिंह के स्मारक तक आगरा इटावा स्टेट हाइवे बाह में जय जवान-जय किसान के नारों से गूंज उठा। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना। यात्रा के समापन पर शहीद इंद्रजीत सिंह के बलिदान को नमन कर देश भक्ति की अलख जगाई। राष्ट्रीय ध्वज से सजी तिरंगा यात्रा के समापन के बाद तहसील मुख्यालय पर पहुंच कर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला को सौंपा। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि किसानों की कमाई सांसद, विधायकों को पेंशन के रूप में दिया जाना बंद करना चाहिए। सांसद, विधायक की पेंशन बंद नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने सीमा की सुरक्षा करने वाले जवानों एवं कानून व्यवस्था के लिए पसीना बहाने वाले पुलिस वालों की बंद पेंशन बहाली की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष हर्ष शर्मा ने प्रशासन के सामने किसानों की समस्याएं रखी, उनका निदान न होने पर आंदोलनात्मक कदम उठाए जाने की धमकी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गुर्जर ने किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव श्रवण भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गुर्जर, ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक यादव, डॉ. जितेन्द्र यादव, श्रीकांत दुबे, प्रभाकर यादव, योगेन्द्र बरुआ, फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष नागेन्द्र यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हरिओम यादव, विजय जादौन, सुरेन्द्र सिंह राठौड, मनोज बघेल, गुड्डू सविता, नंदकिशोर शर्मा, ब्रह्मानंद आदि मौजूद रहे।

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई



**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। एमबीडी कॉलेज दूरा ओर विमला देवी इंटर कॉलेज दुल्हारा में बसंत पंचमी और नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। प्रबंधक डॉ अब्दुल जब्बार उर्फ भूरी सिंह और प्रधानाचार्य डॉ एस पी वर्मा ने माँ सरस्वती और नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर चौ फौरन सिंह, तुलाराम कहरवार, अरविंद चाहर, अमित कुमार, रवि चाहर, राम कुमार और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विमला देवी इंटर कॉलेज में प्रबन्धक अभिषेक फौजदार ओर छात्र छात्राओं ने हवन यज्ञ किया। इस दौरान विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष आदित्य फौजदार, प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार, राम सिंह, तारेश शर्मा, अंशिका श्रीवास्तव, बबिता मित्तल, पिंकी, आस्था हिंडौनिया, रेनू समेत छात्र ओर छात्राएं मौजूद रहें।

## मृतक महिला के परिजनों को बीमा के मिले 4 लाख रुपये



**बाह** एनएनआई। बटेश्वर के पजाय मोहल्ले में 19 अगस्त को मिट्टी की ढाय गिर गई थी। मलबे में दबी इंद्रवती की मौत हो गई थी। इंद्रवती ने 436 रुपये के प्रीमियम पर 2 लाख का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति का बीमा, 20 रुपये के प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराया था। बीमा क्रमशः 8 व 13 मई को भा० स्टेट बैंक बटेश्वर में कराया गया था। एसबीआई बाह के मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार खत्री ने बताया कि शुक्रवार को आश्रित पति वासुदेव को 4 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया। इस दौरान बटेश्वर के शाखा प्रबंधक देवेन्द्र कुमार, बैंक सखी नीतू देवी, ब्लाक बाह से ब्रजपाल, कृषिल फाउंडेसन से रामा देवी, शिवानी आदि मौजूद रही।

# निराश्रित गौवंश को सरकारी गौशाला में पहुंचाने के निर्देश

एनएनआई



**एत्मादपुर।** गांव-गांव घूम रहे निराश्रित छुट्टा गौवंश द्वारा फसलों को उजाड़ने एवं राहगीरों पर हमला करने की घटनाओं की लगातार मिल रहीं शिकायतों पर प्रशासन ने गंभीर रूख दिखाया है। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) विजय कुमार अग्रवाल ने निराश्रित छुट्टा गोवंश को एक सप्ताह के अंदर सरकारी गौशालाओं में भिजवाने के निर्देश सभी ग्राम पंचायत अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभागीय बैठक में बीडीओ विजय कुमार अग्रवाल ने सौरई और उस्मानपुर की गौशालाओं का तत्काल संचालन करने और गौवंश को हरा चारा खिलाने, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में समस्त जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए नोडल सहायक विकास अधिकारी को नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृत धनराशि की दूसरी किस्त उनके खातों में भिजवाने के लिए नींव स्तर तक जल्द कार्य पूर्ण कराने, जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के 10-10 कार्य मार्च महीने तक पूर्ण कराने के साथ अमृत सरोवर (तालाब) के कार्यों को भी तत्काल पूर्ण कराने के लिए कहा गया है। ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालयों को नियमानुसार संचालित कराने और केयर टेकरों का मिलने वाले मानदेय का समय से भुगतान करने, राशन कार्ड धारक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़वाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत सचिवों को इन सभी कार्यों को करने में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। बैठक में एडीओ (पंचायत) पंकज कुमार यादव, एडीओ (ग्राम्य विकास) सुरेश बाबू गौतम, पशु चिकित्सा अधिकारी डा.ओमबाबू आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# एक होने की जुगत में पवार परिवार



महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं के चुनाव नतीजों का बहुत साफ संदेश ठाकरे परिवार के लिए है तो पवार परिवार के लिए भी है। दोनों तेजी से अपनी प्रासंगिकता गंवा रहे हैं। मुंबई छोड़ कर बाकी उन सभी हिस्सों से उद्धव ठाकरे की पार्टी साफ हो गई, जहां पारंपरिक रूप से शिव सेना का असर था। ठाणे और कल्याण डोंबिवली का इलाका एकनाथ शिंदे ले गए तो कोंकण का इलाका नारायण राणे के साथ चला गया। पवार परिवार ने तो पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठावाड़ा दोनों इलाकों में अपना आधार गंवा दिया। पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में शरद और अजित पवार की पार्टी मिल कर लड़े थे फिर भी कोई असर नहीं हुआ। उनकी पार्टी बुरी तरह से हारी।उद्धव ठाकरे के लिए संतोष की बात है कि मुंबई में मेयर पद भले नहीं मिला लेकिन आगे की राजनीति करने के लिए मराठा वोटों का आधार बच गया। पवार परिवार एकजुट होने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। ऐसा करके वे मराठा राजनीति में अपनी प्रासंगिकता कितनी बनाए रख पाते हैं यह देखने वाली बात होगी।सूत्रों का कहना है कि शरद पवार की बनाई पार्टी एनसीपी के दोनों धड़ों का विलय होने वाला है। यह सिर्फ टाइमिंग का मामला है। गौरतलब है कि दोनों पार्टियों के नेता अभी सदमे में हैं। पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में जिस तरह के नतीजे आए उसकी कल्पना दोनों ने नहीं की थी। हालांकि यह भी हकीकत है कि 2017 के नगर निगम चुनाव में भी इन शहरों में भाजपा और शिव सेना की ही जीत हुई थी लेकिन इस बार अजित पवार ने सोचा था कि चाचा शरद पवार के साथ तालमेल करके लड़ने पर खोई ही जमीन वापस हासिल की जा सकती है। ध्यान रहे यह इलाका पवार परिवार का पुराना गढ़ रहा है। बारामती इसी इलाके में है, जहां पवार परिवार ने सब कुछ विकसित किया है। हाल में देश के दूसरे सबसे बड़े कारोबारी गौतम अडानी भी वहां एक एआई सेंटर ऑफ एक्सलेंस के कार्यक्रम में पहुंचे थे। यह सेंटर भी पवार परिवार ही बना रहा है। बहरहाल वोटों की गिनती के बाद पवार परिवार में सन्नाटा था। लेकिन शरद पवार पुराने खिलाड़ी हैं और ऐसे कई उतार चढ़ाव देख चुके हैं तो उन्होंने तत्काल अपने को संभाला और दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं की बैठक बुलाई। इस बैठक को लेकर दो तरह की बातें हैं। बारामती में हुई इस बैठक में अजित पवार शामिल हुए लेकिन उन्होंने इस बात से इनकार किया कि दोनों एनसीपी के विलय को लेकर कोई बात हुई है। उन्होंने कहा कि यह एक सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसके बारे में उनको पता चला कि शरद पवार उसमें शामिल हो रहे हैं तो वे भी उसमें पहुंचे थे। हालांकि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बता दिया कि बैठक चुनाव नतीजों पर विचार के लिए बुलाई गई थी और उसमें दोनों पार्टियों की एकता की भी बात हुई है।बैठक में यह चर्चा हुई कि दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों को घड़ी छाप पर लड़ना चाहिए था। ध्यान रहे घड़ी का निशाना एनसीपी का पुराना चुनाव चिन्ह है, जो अजित पवार की पार्टी को मिला हुआ है। दूसरी ओर शरद पवार की पार्टी को तुताड़ी का चुनाव चिन्ह है। पार्टी के नेता मान रहे हैं कि दोनों एनसीपी में गठबंधन था, दोनों एक होकर लड़ रहे थे लेकिन दोनों के उम्मीदवार अलग अलग चुनाव चिन्हों पर लड़ रहे थे इससे लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इसका कारण यह भी बताया जा रहा है कि कई जगह अजित पवार की पार्टी भाजपा और शिव सेना के साथ भी लड़ रही थी। इसलिए जहां उनका उम्मीदवार नहीं था वहां उनके समर्थक महायुति को वोट दे रहे थे और जहां शरद पवार के उम्मीदवार नहीं थे यानी तुताड़ी का चुनाव चिन्ह नहीं था वहां कुछ वोट कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की पार्टी को चले गए। इसे प्रचार की कमी भी माना जा रहा है। लेकिन साथ ही यह भी माना गया कि अब एक हो जाने का समय आ गया है। सो, संभव है कि जल्दी ही शरद पवार की पार्टी का विलय अजित पवार की पार्टी में हो जाए। कहा जा रहा है कि शरद पवार अपनी बनाई पार्टी के संरक्षक बनेंगे और पार्टी की कमान अजित पवार के हाथ में होगी। दिल्ली की राजनीति सुप्रिया सुले संभालेंगी। हालांकि अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को भी राज्यसभा में भेजा है। लेकिन कहा जा रहा है कि उनका दिल्ली की राजनीति में बहुत मन नहीं लग रहा है। विलय के बाद क्या शरद पवार राज्यसभा जाएंगे और सुप्रिया सुले नरेंद्र मोदी की सरकार में मंत्री बनेंगी, सबसे ज्यादा दिलचस्पी इसी में रहेगी।

# पीताम्बर हुआ श्रीहरि का मंदिर

## श्रीजगन्नाथ मंदिर में भक्ति भाव से मनाया बसंतोत्सव, सेवा की तासीर में हुआ परिवर्तन

एनएनआई



**आगरा।** बसंत पंचमी के दिन श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन) में हर ओर पीताम्बरी छटा बिखरी थी। पीले रंग के पुष्पों से भगवान का श्रंगार और पीले ही रंगों से सजा मनमोहक फूल बंगला। हर तरफ पीले रंग के पुष्पों की सजावट से मंदिर महक रहा था। मीठे व नमकीन तरह तरह के पीले चावल के पकवान भोग की थाली में सजे थे। हरिनाम संकीर्तन के साथ कथा का भी आयोजन किया गया। सभी भक्तजन भी पीले रंग के वस्त्र धारण कर भगवान के दर्शन को पहुंचे। आज से भगवान के श्रंगार और भोग की तासीर में भी परिवर्तन प्रारम्भ कर दिया गया।

इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने बताया कि आज के दिन से भगवान को मौसम के अनुरूप रेशमी व हल्के परिधान घरण कराना प्रारम्भ कर किया जाएगा। वहीं अभी तक पुष्पों के श्रंगार को कम किया जा रहा था, वह भी बढ़ जाएगा। भोग में धीरे-धीरे गरम तासीर के व्यंजन कम होते जाएंगे। देव केशव प्रभु ने भागवत कथा कही। हरे राम हरे कृष्णा... संकीर्तन पर मृदंग मंजीरों संग भक्तों ने उत्साह व उमंग के साथ बसंतोत्सव का खूब आनन्द लिया। सभी भक्तों को मीठे चावल व खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेन्द्र अग्रवाल, कामता प्रसाद अग्रवाल, आशु मित्तल, सुशील अग्रवाल, सुनील मनचंदा, संजीव मित्तल, संजीव बंसल, राजेश उपाध्याय, ओमप्रकाश अग्रवाल, हरिदास, अदिति गौरांगी, शाश्वत नन्दलाल, ज्योति बंसल, संजय कुकरेजा आदि उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी और राम मंदिर स्थापना दिवस पर किया भंडारा



एनएनआई

**आगरा।** निखिल पेराडाइज के सामने शस्त्रीपुरम आगरा पर राष्ट्रीय भगवा दल ने बसंत पंचमी और राम मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होने पर किया भन्डारे का आयोजन।

राष्ट्रीय भगवा दल ने का यह कार्यक्रम देर शाम शस्त्रीपुरम आगरा में हुआ, जिसमें सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निखिल पेराडाइज शस्त्रीपुरम में श्री हनुमान जी मंदिर पर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्त एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और भन्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर भगवा ध्वजों और 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर अमोल दीक्षित ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करोड़ों हिंदुओं की आस्था और सदियों के संघर्ष की जीत है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होना सभी के लिए गौरव का क्षण है और साथ ही आज बसंत पंचमी है हनुमान चालीसा का यह पाठ प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता व समरसता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अमोल दीक्षित, शशिकांत शर्मा, रवि सोनी, विवेक मिश्रा,वंश शर्मा, विजय बघेल,आयुष अग्निहोत्री,मनोज, विशाल, तरूण जुम्मानी, नवीन शर्मा,दिपक, राजीव, मीडिया प्रभारी परमिंदर व्यास,सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर ताज नगरी में दिया मानव सेवा का संदेश




एनएनआई

**आगरा।** ताज नगरी क्षेत्र स्थित पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी में बसंत पंचमी पंचवटी परिवार द्वारा मानव सेवा का एक अनुकरणीय एवं सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस शुभ अवसर पर रामलाल वृद्धाश्रम एवं गौशाला के लिए धनराशि एवं गृह उपयोगी सामग्री दान हेतु एक सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

कॉलोनीवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शिविर के माध्यम से एकत्रित धनराशि एवं सामग्री को वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गो तथा गौशाला की सेवा हेतु समर्पित किया गया। रामलाल वृद्धाश्रम के शिव प्रसाद शर्मा ने इस शिविर के लिए अपनी टीम भेजकर सेवा शिविर की व्यवस्था कराई। इस अवसर पर समाजसेवी श्याम भोजवानी एवं उपेंद्र सिंह ने एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि आगरा शहर में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में यदि लोग वृद्धाश्रम तक स्वयं नहीं पहुँच पाते। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी नागरिक रामलाल वृद्ध आश्रम से संपर्क करता है, तो आश्रम की ओर से स्वयं टीम भेजकर सेवा शिविर का आयोजन कराया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपेंद्र सिंह,संरक्षक श्याम भोजवानी, सैक्ट्री सुशील आहूजा, जसवंत पसरीचा, गजराज सिंह यादव, गंभीर सिंह, सुरेंद्र सिंह छाबरा, प्रगेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


# जनकवि नजीर अकबराबादी की मजार पर हुआ बसंत मुबारक

एनएनआई



**आगरा।** हर वर्ष की भांति मलको गली के नजीर पार्क स्थित जनकवि नजीर अकबराबादी की मजार पर जनकला मंच द्वारा 'वसंत मुबारक' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक डाक्टर जे एन टंडन ने कहा कि आवामी शायर नजीर अकबराबादी ने रूढ़िवादिता की दीवार तोड़ मेलजोल का पुल बनाया जो उनकी रचनाओं में नजर आता है। वहीं शिक्षिका और नेत्री डाक्टर मधुरिमा शर्मा ने इस मौके पर नजीर के अलावा सरस्वती, अमीर खुसरो और नेता जी सुभाष चंद्र बोस का भी स्मरण किया। डाक्टर इख्तियार जाफरी ने कहा कि आमजन का क्या महत्व होता है ये नजीर अकबराबादी की नज्मों में साफ नजर आता है। वरिष्ठ रंगकर्मी सुबोध गोयल और विशाल रियाज नजीर व निराला की कविताओं का काव्य पाठ भी किया। मजार की सफाई के बाद नगर निगम द्वारा भेजा गया पानी के टैंकर स्थानीय में अति उत्साहित बच्चों के अलावा बिलाल, नईम कुरैशी और समस्त नजीर प्रेमियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संचालन सीमंत साहु ने किया अतिथियों का स्वागत मजाज कुरैशी ने तो धन्यवाद ज्ञापन चौधरी अली साबरी ने दिया। अन्त में गुड़ की गजक का प्रसाद के रूप में वितरण भी हुआ। प्रस्तुत सहयोगी नरेंद्र सिंह, डाक्टर जे के अल्वी और डाक्टर जमीर अहमद रहे।

# बॉर्डर 2 ने पहले दिन मचाया धमाल, 30 करोड़ रुपये की शानदार कमाई




अभिनेता सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरूआत की है। 23 जनवरी को रिलीज हुई इस देशभक्ति से भरपूर फिल्म को दर्शकों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पहले ही दिन फिल्म ने भारत में करीब 30 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। उद्योग ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म की हिंदी में कुल दर्शक उपस्थिति 32 प्रतिशत से अधिक रही, जबकि रात्रि के शो में यह आंकड़ा लगभग 48 प्रतिशत तक पहुंच गया। फिल्म को वर्ष 1997 में आई सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का भावनात्मक अगला भाग बताया जा रहा है।बॉर्डर 2 ने अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया फिल्म धुरंधर के पहले दिन के संग्रह को भी पीछे छोड़ दिया है।

हालांकि यह सनी देओल की पिछली सुपरहिट फिल्म गदर 2 के पहले दिन के रिकॉर्ड से कुछ पीछे रही, जिसने 40 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है, जबकि मूल फिल्म के निर्देशक जे.पी. दत्ता ने अपनी पुत्री निधि दत्ता के साथ इसका सह-निर्माण किया है। फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

# दुबई में शाहरुख खान को मिलेगा प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मान



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिलने जा रहा है। उन्हें 30 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले दुबई मॉल वैश्विक फैशन पुरस्कार समारोह में वैश्विक शैली प्रतीक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह भव्य समारोह दुबई के प्रसिद्ध अरमानी होटल में आयोजित होगा, जिसमें दुनिया भर से फैशन जगत की नामी हस्तियां और मीडिया प्रतिनिधि शामिल होंगे। शाहरुख खान को उनके वर्षों से चले आ रहे प्रभावशाली फैशन सेंस, आत्मविश्वास और वैश्विक लोकप्रियता के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। प्रशंसकों में इस बात को लेकर खास उत्साह है कि इस अवसर पर शाहरुख खान किस परिधान में नजर आएंगे। सोशल मीडिया पर उनके सम्मान को लेकर बधाइयों और शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। कार्य क्षेत्र की बात करें तो शाहरुख खान आने वाले समय में निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे। पिछली बार उन्हें वर्ष 2023 में फिल्म डंकी में देखा गया था।

# सिल्क साड़ी में राशि खन्ना का शाही अंदाज, साउथ ब्राइड लुक ने जीता दिल



अभिनेत्री राशि खन्ना अपने नए पारंपरिक अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में वह नारंगी रंग की सिल्क साड़ी में नजर आईं, जिसमें उनका लुक एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय दुल्हन जैसा प्रतीत हो रहा है। साड़ी का सुनहरा बनावटदार कपड़ा और हल्का गुलाबी बॉर्डर उनके पूरे परिधान को और आकर्षक बना रहा है। राशि ने इस लुक को कुंदन आभूषणों, हल्के मेकअप और सादे हेयर स्टाइल के साथ पूरा किया, जिससे उनकी सादगी और गरिमा साफ झलकती है। कार्य क्षेत्र में राशि खन्ना के पास कई अहम परियोजनाएं हैं। वह राउडी एंड कंपनी और उस्ताद भगत सिंह जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। अपनी सशक्त अभिनय क्षमता और आकर्षक व्यक्तित्व के चलते वह दक्षिण भारतीय सिनेमा की चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हैं।



# सादगी में भी निखरा मीनाक्षी चौधरी का नया लुक

अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अपने नए अवतार में दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। हाल ही में सामने आए उनके चित्रों में वह सादगी और आधुनिकता का संतुलित मेल प्रस्तुत करती दिखाई दे रही हैं। खुले बाल, हल्का मेकअप और रंगीन डिजाइनर परिधान में मीनाक्षी का आत्मविश्वास साफ झलकता है। कम आभूषणों के साथ उनका यह लुक सहज होने के साथ-साथ आकर्षक भी नजर आ रहा है। फिल्मी मोर्चे पर मीनाक्षी चौधरी इन दिनों अपनी फिल्म अनगनगा ओका राजू की सफलता का आनंद ले रही हैं। फिल्म को मिले सकारात्मक प्रतिसाद से उनके करियर को नई दिशा मिली है और आने वाले समय में उनसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की उम्मीद की जा रही है।

# 209 रन का पहाड़ 15.2 ओवर में ढहा

## सूर्यकुमार और ईशान किशन का धमाका, भारत का सबसे बड़ा टी20 रन चेज

**रायपुर।** भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन बनाए। कप्तान मिचेल सैंटनर ने नाबाद 47 और रचिन रवींद्र ने 44 रनों की अहम पारी खेली। जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में लक्ष्य का पीछा किया। ईशान किशन ने 76 रन बनाए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 37 गेंदों पर नाबाद 82 रन ठोकते हुए भारत को 15.2 ओवर में ही जीत दिला दी। भारत ने 28 गेंद शेष रहते 209 रन का लक्ष्य हासिल किया, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200+ लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी फुल मेंबर टीम की सबसे बड़ी जीत है।






### सूर्या की जबरदस्त फॉर्म में वापसी

टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। सात फरवरी से यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी कर ली है। शुक्रवार को रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 मैच में दिग्गज बल्लेबाज ने शानदार अर्धशतक जड़ा। सूर्यकुमार यादव ने अक्तूबर 2024 के बाद 24 पारियों के अंतराल में अपना पहला 50+ स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25 या उससे कम गेंदों में सबसे ज्यादा बार अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने 8-8 बार ऐसा किया, जबकि फिल सॉल्ट और एविन लुईस ने 7-7 बार 25 या उससे कम गेंदों में 50 रन पूरे किए हैं। ये सूर्यकुमार यादव के टी20 करियर का 22वां अर्धशतक है। इस मैच में वह 82 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 221.62 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए नौ चौके और चार छक्के जड़े।

209 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत लड़खड़ाती हुई रही। दूसरे ही ओवर तक अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन पवेलियन लौट चुके थे। लेकिन इसके बाद ईशान किशन ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किया। किशन की पारी में 11 चौके और चार शानदार छक्के शामिल रहे। उन्होंने पुल, पिक-अप शॉट्स और रिवर्स स्वीप जैसे शॉट्स से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी पारी का असर इतना गहरा रहा कि आउट होने पर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खुद आगे बढ़कर उन्हें गले लगाया। ईशान किशन ने 21 गेंदों में अपने टी20 करियर का सातवां अर्धशतक पूरा किया। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए।

## विराट कोहली ने साइना नेहवाल के शानदार करियर के लिए बधाई दी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और दो बार बैडमिंटन में ओलंपिक पदक जीतने वाली स्टार शटलर पीवी सिंधु ने दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को बैडमिंटन से संन्यास लेने पर उनके बेहतरीन करियर के लिए बधाई दी। विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, साइना नेहवाल, आपके शानदार करियर के लिए बधाई। आपने भारतीय बैडमिंटन को दुनिया भर में पहचान दिलाई। आपको एक खुशहाल, संतोषजनक और अच्छे संन्यास की शुभकामनाएं। भारत को आप पर गर्व है। पीवी सिंधु ने एक्स पर लिखा, सायना, आपको संन्यास की शुभकामनाएं। इंडियन बैडमिंटन में आपने जो कुछ भी दिया है, उसके लिए धन्यवाद। जिंदगी के इस अगले पड़ाव के लिए आपको शांति, खुशी और ढेर सारी शुभकामनाएं। पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी साइना नेहवाल को उनके संन्यास पर बधाई देते हुए लिखा था, बहुत बढ़िया खेला, साइना। शानदार करियर के लिए बधाई। आपने भारतीय बैडमिंटन को आगे बढ़ाया और एक पीढ़ी को प्रेरित किया। आगे जो भी हो, उसके लिए आपको शुभकामनाएं। इंजरी की वजह से लंबे समय तक बैडमिंटन से दूर रहने के बाद साइना ने बैडमिंटन को अलविदा कह दिया है। संन्यास की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा, आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिंग करते हैं। अब, मेरे घुटने एक या दो घंटे में ही जवाब दे जाते थे। सूजन आ गई थी, और उसके बाद जोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी से किया इनकार

### सोशल मीडिया पर उड़ा बीसीबी का मजाक, मीम्स की आई बाढ़



**दुबई।** आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच विवाद अब तूल पकड़ चुका है। जहां बांग्लादेश ने भारत में आगामी टी20 विश्व कप के मुकाबले खेलने से इनकार कर दिया, वहीं आईसीसी अब उन्हें टूर्नामेंट से बाहर करने और स्कॉटलैंड को शामिल करने की तैयारी में है। यह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के लिए बड़ा झटका होगा और उन्हें इसकी सजा भी झेलनी पड़ सकती है। हालांकि, इस पूरे विवाद में चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिस श्रीलंका में बांग्लादेश अपने मैच को ट्रांसफर करने की मांग कर रहा था, उसी ने उनके मैचों की मेजबानी करने से मना कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की इस हठ का खामियाजा उनके खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है, जो विश्व कप की तैयारी में जुटे थे और कहीं भी खेलने को तैयार थे।

## शनिवार, 24 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए ओज का दिन लाभ के साथ खर्च में वृद्धि वाला रहेगा। आपकी राशि से आज द्वादश भाव में चंद्रमा का गोचर होने से आपका मन आज उलझन में रहेगा। मंगल जो राशि स्वामी हैं वह अनुकूल स्थिति में हैं जिससे आपकी कमाई तो बनी रहेगी लेकिन चंद्रमा के प्रभाव से आपका खर्च भी बना रहेगा।

वृषभ राशि के लिए आज शनिवार का दिन सुखद और रोमांटिक रहने वाला है। आज चंद्रमा का गोचर आपकी राशि ग्यारहवें भाव में होने से आपको आर्थिक लाभ मिलेगा। आप आज किसी अप्रत्याशित स्रोत से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। बिजनेस में आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज शनिवार का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आपको आज भाग्य का साथ मिलेगा। आप आज अपनी कार्ययोजना को बेहतर तरीके से लागू कर पाएंगे। कुछ मानसिक द्वंद भी बना रहेगा और आप नौकरी में बदलाव के बारे में सोच सकते हैं।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कुछ ऐसे काम भी करने होंगे जो आप दिल से नहीं चाहते हैं। नौकरी में आपको किसी साथी सहकर्मी की वजह से चिंता हो सकती है। आपको आज दूसरों के मामलो में हस्तक्षेप करने से बचन चाहिए साथ ही बिना मांगे किसी की मदद के लिए आगे नहीं आना चाहिए।

सिहं राशि के जातक आज सहस और लगनशीलता से कार्यक्षेत्र में सफलता पाएंगे। नौकरी में आप आज अपने विरोधियों और शत्रुओं को मात देने में सफल रहेंगे। आपको आज वरिष्ठ लोगों के सहयोग और समर्थन का लाभ मिलेगा।

आज शनिवार का दिन कन्या राशि के जातकों के लिए बुधादित्य योग से शुभ लाभदायक रहने वाला है। आप अपना काम आज समझदारी से पूरा कर पाएंगे। दोस्तों के साथ ही साथ आज आप विरोधियों से भी सहयोग प्राप्त कर पाने में सफल होंगे।

तुला राशि के जातकों के लिए आज शनिवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में मित्रों और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। कोई पुराना मित्र या परिचित भी आज आपकी मदद कर सकता है। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज राजनीतिक और सामाजिक संपर्क का भी फायदा मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज शनिवार का दिन कई मामलो में अनुकूल रहेगा। आज राशि स्वामी मंगल की शुभ स्थिति का आपको फायदा मिलेगा। आप आज जोखिम लेकर भी कार्यक्षेत्र में लाभ और सफलता प्राप्त कर पाएंगे। नौकरी में आज आपको अधिकारीवर्ग से सपोर्ट मिलेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज शनिवार दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आपके सितारे कहते हैं कि आज आपको दिन के पहले भाग में अपने जरूरी काम निपटाने का प्रयास करना चाहिए। दिन के दूसरे भाग में अचानक कुछ काम आ जाने से आपको अपनी योजनाओं में बदलाव करना होगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अनुकूल और लाभदायक रहेगा। आपको भाग्य आज किसी अप्रत्याशित स्रोत से लाभ दिला सकता है। नौकरी में आज आपको साथी सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ और अनुकूल रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में कुछ नए अवसर प्राप्त होंगे। आप तकनीकी ज्ञान और अनुभव का लाभ ले पाएंगे। नौकरी में आज अधिकारीवर्ग से सहयोग से आपको फायदा हो सकता है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा आप चतुर बुद्धि और कार्यकुशलता से लाभ ले पाएंगे। शिक्षा और शिक्षण के काम में आज आपको फायदा हो सकता है। आपके लिए भाग्य आज एक से अधिक स्रोत से लाभ का संयोग बना रहा है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# बसंत के रंग में रंगा प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल

एनएनआई





**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में होने वाली विशेष प्रार्थना सभा में दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा ग्यारह की ध्रुवि व गीतिका द्वारा सभी का स्वागत एवं अभिनंदन के साथ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, निदेशिका सुनीता गुप्ता, प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव व समस्त समन्वयिकावृंद द्वारा विद्या, संगीत व कला की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के गायक समूह ने सरस्वती वंदना के गान से माँ सरस्वती का आह्वान किया, जिससे सारा वातावरण अत्यंत शुद्ध व सात्विक हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्री-प्राइमरी के समस्त छात्र पीले वस्त्रों में एक अनुपम ही छटा बिखेर रहे थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा ग्यारह के अंशुमन ने बसंत पंचमी पर्व के महत्व से सभी को अवगत कराया। कक्षा एक व दो तथा कक्षा छः से आठ की छात्राओं ने विविध मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। कक्षा तीन व चार के छात्र-छात्राओं ने अपनी आकर्षक कविताओं से सारा वातावरण मनोरम कर दिया। इसी अवसर पर सुभाष चंद्र बोस जयंती, जिसे पराक्रम दिवस भी कहा जाता है, भी मनाई गई। यह दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता और आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और अपने अद्वितीय नेतृत्व और साहस के लिए जाने जाते हैं। उनकी जयंती पर, देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है और उनके योगदान को याद किया जाता है।

## प्रेम, पीताम्बर और पुष्टिमार्गीय रस में रंगा वसंतोत्सव

- नाई की मंडी स्थित श्री प्रेमनिधि मंदिर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया वसंत पंचमी महोत्सव

एनएनआई



**आगरा।** नाई की मंडी स्थित प्राचीन श्री प्रेमनिधि जी मंदिर में वसंत पंचमी का पावन पर्व भक्तिभाव, रंगों और पुष्टिमार्गीय परंपराओं के अनुरूप अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुर श्याम बिहारी जी की सेवा वसंत ऋतु के स्वागत के प्रतीक रूप में विशेष क्रम से संपन्न की गई। मुख्य सेवायत हरिमोहन गोस्वामी ने बताया कि वसंत पंचमी से ऋतुराज वसंत के आगमन का आरंभ माना जाता है। इसी भाव के अंतर्गत ठाकुर श्याम बिहारी जी को पीत वर्ण के भव्य वस्त्र (पीताम्बरी) धारण कराए गए। केसर युक्त दूध से ठाकुर जी का मंगल स्नान कराया गया तथा श्रृंगार में सरसों के फूल, गेंदा एवं अन्य पीले पुष्पों का विशेष उपयोग किया गया। पीले तिलक और बसंती आभूषणों से ठाकुर जी का अलौकिक श्रृंगार भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सेवायत सुनीत गोस्वामी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत ठाकुर जी को बसंती कक्ष, जिसे ऋतुराज भवन भी कहा जाता है, में विराजमान किया गया। वसंत पंचमी से ब्रज में होली की शुरूआत मानी जाती है, इसी परंपरा के अनुसार ठाकुर जी के चरणों में एवं गालों पर हल्का गुलाल और अबीर अर्पित किया गया।

यह सेवा पुष्टिमार्ग और ब्रज परंपराओं का अभिन्न अंग मानी जाती है। पुष्टिमार्गीय राग सेवा के अंतर्गत वसंत ऋतु पर आधारित पदों का मधुर गायन किया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। सरसों की मंजरी अर्पित कर वसंत पूजन संपन्न हुआ।

## ब्रजभाषा काव्य मंच के वार्षिकोत्सव का पोस्टर विमोचन

- विश्वविद्यालय में होगा अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह

एनएनआई



**आगरा।** कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी एवं भाषाविज्ञान विद्यापीठ डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय तत्वावधान में हिंदी साहित्य व ब्रजभाषा को समर्पित संस्था 'ब्रजभाषा काव्य मंच' के द्वितीय वार्षिकोत्सव पर आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह,पुस्तक लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर स्थित 'डायमंड जुबली हॉल' में होगा। कार्यक्रम का पोस्टर लोकार्पित करते हुए ब्रजभाषा काव्य मंच के अध्यक्ष डॉ. रामेन्द्र शर्मा 'रवि' ने बताया कि संस्था हिन्दी साहित्य व ब्रजभाषा को समर्पित रहते हुए नवोदित कवियों को आगे बढ़ने का पूरा मौका दे रही है। इसी क्रम में यह वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें पूरे देश के करीब 150 साहित्यकार भाग ले रहे हैं जो दिनभर हिंदी एवं ब्रजभाषा को विश्व साहित्य पटल पर स्थापित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा करेंगे। पोस्टर लोकार्पण कार्यक्रम में ब्रजभाषा काव्य मंच के अध्यक्ष रामेंद्र शर्मा 'रवि', अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीतऋषि प्रो. सोम ठाकुर, संस्कार भारती के बाँकेलाल गौड़, शासकीय अधिवक्ता अशोक चौबे, संजय गुप्त, राजकुमार शास्त्री,सचिन दीक्षित 'सारंग', पदम गौतम, संजय कुमार सहित अनेक साहित्यकार व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद

**विचार गोष्ठी में नेताजी को बताया महान देशभक्त**




**आगरा (एनएनआई)।** एनसीसी आर्मी विंग के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एनसीसी कैडेट्स ने के सेमिनार हॉल में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ सीके गौतम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। गोष्ठी में उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ सीके गौतम ने कहा कि नेताजी प्रखर राष्ट्रभक्त, साहसी और कुशल नेतृत्वकर्ता थे . उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को विश्वव्यापी बनाया। वह महान देशभक्त थ। इस अवसर पर कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवाओं के प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध एक सशक्त उग्र आंदोलन खडा किया। सशक्त भारत के निर्माण के लिए उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। गोष्ठी में कैडेट कृति, अदीती, शगुन, अनुष्का, पूजा शाक्य, अमन अल्वी, नीरज, ऋषभ आदि कैडेट्स ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर एसयूओ मनोज जुरैल, एसयूओ लवकुश, अंडर ऑफिसर यामिनी चाहर, सार्जेंट प्रिया चाहर, रोहित कर्दम, राहुल, अरविन्द यादव, सक्षम, सूर्यांश आदि कैडेट्स उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन कैडेट प्रिया अग्रवाल एवं कैडेट प्रिया ने संयुक्त रूप से किया। आभार यूओ समायरा ने किया।

## सुभाष चन्द्र बोस का देश के प्रति योगदान अतुलनीय : शब्बीर अब्बास

- सपाइयों ने श्रद्धा, सम्मान के साथ किया नेता जी को याद




**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती बड़े श्रद्धा, सम्मान एवं जोश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाह एवं महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का देश के प्रति योगदान अतुलनीय है। उनका साहस, त्याग और आजादी के संघर्ष में दिया गया नेतृत्व आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा, जैसे ओजस्वी नारे आज भी हमारे भीतर देशभक्ति की अलख जगाते हैं। शब्बीर अब्बास ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी केवल एक नेता नहीं, बल्कि क्रांति के प्रतीक थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को खुली चुनौती दी और आजाद हिंद फौज का गठन कर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार आजाद हिंद फौज में 60 हजार से अधिक देशभक्त सिपाहियों ने भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी देश का युवा रोजगार और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में करोड़ों शिक्षित युवा बेरोजगार हैं, जो आज की नीतियों की विफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के विचारों को आत्मसात करने तथा समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की स्थापना के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवक्ता पुष्पेंद्र शर्मा, बलविंदर जाटव, विनोद श्रोत्रिय, राजीव सविता, अमित प्रताप, चौधरी फरहान, जमील खान, कादिर कुरैशी, समीर अब्बास आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## डॉक्टर साधना सिंह को मिलेगा पदमश्री योगेंद्र कलाऋषि सम्मान



**आगरा (एनएनआई)।** संस्कार भारती के स्थापना के समय से ही संस्कार भारती से जुड़ी आगरा की प्रतिष्ठित चित्रकार डॉक्टर साधना सिंह को सांस्कृतिक मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पदमश्री योगेंद्र कलाऋषि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार गणतंत्र दिवस परं राजभवन में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान किया जाएगा। लखनऊ से समाचार प्राप्त होते ही संस्कार भारती के कार्यकर्ताओं में और चित्रकारों में उत्साह की एक लहर दौड़ पड़ी। संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग, महानगर अध्यक्ष आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी, महानगर महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग, प्रोफेसर बिंदु अवस्थी, महानगर कोषाध्यक्ष राजीव सिंघल, महानगर उपाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल सुपारी, सह कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, कार्यकारिणी सदस्य राकेश पाठक, महिला अध्यक्ष अनीता भार्गव, मंत्री संगठन नीता गर्ग, कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, समाजसेवी बबीता पाठक ने बैकुंठी देवी महाविद्यालय स्थित डॉक्टर साधना सिंह के आवास पर जाकर उनका सम्मान किया और उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।